Cug No. 9473942683
eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली।

पत्रांक 4778 / पेयजल/ 185 दिनांक 07-07-26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

**विषयः–** **दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "शाहबगंज में दो साल से अधूरी नल–जल योजनाः खुदाई करने के बाद अब तक नहीं बिछी पाइप लाइन" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "दैनिक भास्कर" में दिनांक– 07.07.2026 को प्रकाशित शीर्षक " शाहबगंज में दो साल से अधूरी नल–जल योजनाः खुदाई करने के बाद अब तक नहीं बिछी पाइप लाइन" के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चन्दौली।

## समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं दिनांक– 07.07.2026 | शाहबगंज में दो साल से अधूरी नल–जल योजना: खुदाई करने के बाद अब तक नहीं बिछी पाइप लाइन | जनपद चन्दौली के विकासखण्ड शाहबगंज में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लिमिटेड द्वारा हाटा, इलिया, मालदह एवं बेन पेयजल योजना निर्माणाधीन है। हाटा पेयजल योजना में आंशिक रूप से पेयजल की आपूर्ति करायी जा रही है, इलिया पेयजल योजना में पम्प हाउस का निर्माण कार्य प्रगति पर है, मालदह पेयजल योजना में भूमि विवाद होने के कारण कार्य बाधित है एवं बेन पेयजल योजना में पाइप लाइन बिछाने, ज्वाइंटिग एवं गृह जल संयोजन का कार्य प्रगति पर है फर्म को निर्देशित कर दिया गया है कि उपरोक्त पेयजल योजनाओ से सम्बन्धित समस्त अवशेष कार्यो को शीघ्र ही पूर्ण कराते हुये नियमित पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करे। | – |

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

APPLY NOW NISDE
https://nisde.co.in
www.nisde.co.in


Become Anganwadi Karykarta



# शाहबगंज में दो साल से अधूरी नल-जल योजना: खुदाई करने के बाद अब तक नहीं बिछी पाइपलाइन

परविंद कुमार केशरी
| शहाबगंज
(चंदौली), चंदौली

1 दिन पहले



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
G +Follow us
फीडबैक







Scanned with OKEN Scanner

शाहबगंज ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों में जल जीवन मिशन (नल-जल योजना) के तहत करीब दो वर्ष पहले कराई गई खुदाई के बाद काम अधूरा छोड़ दिया गया है। इसके चलते ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं उन्हें अब तक योजना का लाभ भी नहीं मिल सका है।

शाहबगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत हाटा के डेहरी कला, डेहरी खुर्द समेत इलिया, मालदह, सावलसोत, बेन और आसपास के कई गांवों में नल-जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब दो साल पहले पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों और गलियों की खुदाई कराई गई थी, लेकिन इसके बाद काम आगे नहीं बढ़ा। अधूरी खुदाई और निर्माण कार्य के कारण लोगों को रोजाना आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।



ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद कार्य पूरा नहीं कराया गया। इससे योजना का उद्देश्य भी पूरा नहीं हो पा रहा है और लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है।

सूरा चालू

फीडबैक दें

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap | Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy | Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy



Scanned with OKEN Scanner



वहीं, खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह ने बताया कि नल-जल योजना उनके विभाग से संबंधित नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी संबंधित विभाग को पत्र के माध्यम से भेजी जाएगी, ताकि समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई कराई जा सके।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
G +Follow us

NISDE
ganwa… ogramm… 26
for Mahila visor, Anganv… arta and …wadi Sahayik



BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com
Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved
This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें



Scanned with OKEN Scanner